वर्ष 1 - अंक 62
शुक्रवार 31 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## चंडीगढ़ में जबरदस्त खेल

### भाजपा ने जीत हासिल की



चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन को हराकर जीत हासिल की। चंडीगढ़ में जबरदस्त खेल आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्षदों ने अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ की है क्रॉस वोटिंग।भाजपा को 19 वोट मिले जबकि आम आदमी पार्टी -कांग्रेस उम्मीदवार को केवल 17 चंडीगढ़ में सभी को रोमांचित करना जारी है। भाजपा के पास केवल 15 वोट थे और गठबंधन के पास 21 वोट थे। 1 कांग्रेस पार्षद भाजपा में शामिल हो गया और 3 पार्षदों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी है।

## वरिष्ठों के मार्गदर्शन में जन भावनाओं के अनुरूप संगठन कार्य को और अधिक विस्तार देंगे: नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन , व पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जी, संगठन मंत्री हितानंद जी, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गी, लोकसभा पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, कृष्ण मुरारी जी मोघे, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला , गोलू जी शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा जी सहित वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्य करूंगा।

इंदौर भाजपा नगर अध्यक्ष जैसी महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी मुझे दी गई है। सबको साथ में लेकर, सबको विश्वास में लेकर हम भाजपा संगठन का और अधिक विस्तार करेंगे। विशेष रूप से सामाजिक समरसता के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ने की हमारी प्राथमिकता रहेगी।

एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने सदैव भाजपा कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन के आदेश के अनुरुप कार्यकर्ता भाव से कार्य करने का प्रयास किया है। भारतीय जनता पार्टी में ही यह संभव है, मुझे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी नै महत्वपूर्ण दायित्व दिया है।

इंदौर शहर तेजी से बढ़ रहा है, जनसंख्या का घनत्व बढ़ रहा है, अब हमें बढ़ते इंदौर की दृष्टि से संगठन के कार्य को घर घर तक पहुंचाना है, हम पार्टी का विस्तार समाज के प्रत्येक वर्ग तक और अधिक शक्ति के साथ करने का प्रयास करेंगे।

### पंजाब सीएम भगवंत मान के घर

## EC की रेड ली जा रही तलाशी



दिल्ली में विधानसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। चुनाव आयोग (EC) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर पर रेड मारी। आईडी की टीम दिल्ली स्थित पंजाब सीएम के हाउस की तलाशी ले रही है।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता

### दिनांक 5 से 8 फरवरी तक आयोजित होगी

### मध्य प्रदेश दल के कोच की भूमिका इंदौर की एकलव्य अवॉर्डी पूजा गोमे रहेगी

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

उत्तराखंड में दिनांक 28 से 14 फरवरी तक आयोजित 38 वे राष्ट्रीय खेलों में ताइक्वांडो प्रतियोगिता दिनांक 5 से 8 फरवरी तक आयोजित होना है। इस प्रतियोगिता मैं भाग लेने वाले मध्य प्रदेश दल में (- 57) किलो महिला वर्ग मैं इंदौर की पूर्वी आर्य का चयन हुआ। एवं मध्य प्रदेश दल के कोच की भूमिका इंदौर की एकलव्य अवॉर्डी पूजा गोमे रहेगी। दोनों खिलाड़ियों को इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत एवं सचिव विकास सिमरैया व पूर्वी के कोच मनीष जोशी ने माला पहनकर बधाई दी एवं उन्हें सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामना प्रेषित की।



# संस्था सोशल वेलफेयर सेंटर द्वारा पुष्पा नगर रहीवासि राजेश सोलंकी के परिवार को किया जा रहा घर से बेघर



रणजीत टाइम्स (खुशबू श्रीवास्तव)

इंदौर। अभी बीते दिन मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्टर पर एक परिवार अपनी शिकायत लेकर पहुंचा वही मीडिया से चर्चा करते हुए परिवार ने बताया कि हमारे पिताजी को संस्था सोशल वेलफेयर सेंटर द्वारा एक मकान आवंटित किया गया था 70 पुष्प नगर खजराना रोड इंदौर में जिसके पैसे किस्तों द्वारा एवं मेरे पिताजी की सैलरी से काट लिए जाते थे किंतु समय से युक्त कॉलोनी में क्रिश्चियन समुदाय द्वारा पुष्प नगर को क्रिश्चियन की कॉलोनी में परिवर्तन किया जा रहा है।

प्रार्थी राजेश सोलंकी ने बताया कि हमारा परिवार 45 से 50 वर्षों से मकान पर रह रहा है मेरे पिताजी के देहांत होने के बाद क्रिश्चियन समिति के लोग मुझे और मेरे परिवार को धर्म परिवर्तन के लिए जोर दे रहे थे जिस पर मेरे द्वारा स्पष्ट रूप से लोगों को हिंदू धर्म छोड़कर क्रिश्चियन धर्म अपनाने के लिए बना किया गया मेरे परिवार में सदस्य ज्यादा होने के कारण तथा मकान जर्जर होने की स्थिति में हम सभी परेशान हो रहे थे तो हम सभी ने जर्जर मकान को तोड़कर नया मकान बनाने की प्लानिंग की हमने कर्जा लेकर नया मकान बनाने का सोचा लेकिन सोशल वेलफेयर सेंटर के अध्यक्ष सिस्टर जॉनी जी ने मना किया कि आप लोग अगर धर्म परिवर्तन नहीं करोगे तो हम मकान नहीं बनने देंगे हमारे पास मूल दस्तावेज हैं जो हम कोर्ट में साबित कर देंगे और आपसे मकान छीन लेंगे वहीं हमारे चैनल के संवाददाता सिस्टर जॉनी से मिलने उनके चर्च पर गए तो वहां पर मौजूद सिस्टर लोगों ने नकारते हुए कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं कहा जब हमारे संवाददाता ने कहा कि आप अपने पक्ष में हमें बताइए तो उन्होंने अपना पक्ष बताने से मना कर दिया और कहा जो कोर्ट में फैसला होगा हम उसको मनाने करेंगे।

# आखिर... ऐसा क्या हुआ

## अपने ही बाधे से मुकर गए एसडीएम,क्या आरोपी के परिजनो के दबाव में आए



### जिस मंडी अध्यक्ष पर कराया धोखाधड़ी का मामला दर्ज,उसी से न्याय नहीं दिलवा पाये एसडीएम

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

शिवपुरी। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली थोक सब्जी मंडी में मंडी अध्यक्ष इरशाद राइन ने अपने साथी व्यापारी से पूरी दुकान हड़पली, जिसकी शिकायत पीडित ने कई बार जनसुनवाई में कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी से की है कलेक्टर ने एसडीएम से जांच कर न्याय दिलाने की बात कही,लेकिन अभी तक एसडीएम ने मामले में कोई कार्यवाही नही कि है आपको बता दे कि यह वही मंडी अध्यक्ष है जिस पर एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है इसने पुरानी अनाज मंडी में भूंखण्ड आवंटन के नाम पर लोगो से 50-50 हजार रुपए लिए थे।

### अपने ही बाधे से मुकरे एसडीएम

खास बात यह है कि एक बार एसडीएम उमेश चन्द्र कौरव ने दिनांक 24.08.2024 को पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए स्वंयम सचिव देवेन्द्र जादौन के साथ मंडी पहुंचकर निरीक्षण किया था और इरशाद राइन को अगले दिन तक आधी दुकान खाली करने के लिए कहा गया लेकिन दूसरे दिन इरशाद राइन के परिजन अपने धर्म के एक पत्रकार के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचे और फिर दूसरे दिन एसडीएम के कहने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई यहा सवाल यह उठता है कि आखिर इरशाद के परिजनो ने एसडीएम के साथ क्या सांठ गांठ कि की एसडीएम ही अपने बाधे से मुकर गये और आज दिनाक तक पीड़ित को न्याया नहीं दिलवा सके।

### 15 माह से लगा रहा न्याय कि गुहार

शहर में मानस भवन के सामने संचालित होने वाली थोप सब्जी मंडी में तरुण भुगड़ा पुत्र जोगराज भुगड़ा निवासी कमलागंज वर्षो से अपने साथी व्यापारी इरशाद राईन पुत्र मुन्ना राईन निवासी इन्द्रा कॉलोनी शिवपुरी के साथ मुन्ना जोगराज एण्ड कंपनी के नाम से थोप सब्जी की दुकान संचालित करते आ रहे थे लेकिन इरशाद राईन ने 27.09.2023 को तरुण भुगडा के साथ मारपीट कर उससे पूरी दुकान छीन ली और उसे जाति सूचक गालि देकर दुकान से निकाल दिया पीडित ने बताया उसने इस मामले की शिकायत सिटी कोतवाली से लेकर एसडीएम उमेश कौरव,एसपी अमन सिंह राठौड, और कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी तक कि लेकिन पीडित को आज दिनांक तक न्याय नहीं मिला खास बात यह है कि पीड़ित पिछले दो मंगलवार से लगातार कलेक्टर की जनसुवाई में शिकायत कर रहा है लेकिन फिर भी उसे अभी तक न्याय नहीं मिला है हर बार कलेक्टर के द्वारा एसडीएम से आवेदन कि जांच कर न्याय दिलाने की बात कही जाती है लेकिन फिर भी एसडीएम उमेश कौरव कोई कार्यवाही नहीं करते है।

### इरशाद राईन पर धोखाधडी का है मामला दर्ज

पुरानी अनाज मंडी में भूखण्ड आवंटन के नाम पर मंडी अध्यक्ष इरशाद राईन ने करीब 94 लोगो से 50-50 हजार रुपये यानि की कुल 47 लाख रुपये की अवैध बसूली की थी जिसमें इरशाद व उसके साथी कल्याण धाकड़ पर एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस नें धोखाधड़ी सहित बीएनएस की धारा 316(2)318(4)3(5) में मामला दर्ज किया था जिसमें पुलिस ने अभी तक आरोपियो की गिरफतारी भी नहीं की जिससे इसमें पुलिस कि भी संलिप्तता नजर आती है।

### आपने कहा

मंडी में दुकानों का आवंटन भोपाल से होता है अभी हमने उसको दुकान दी थी लेकिन वह निरस्त हो गई है वह उनका पैसे का आपसी मामला है, सिविल कुटेशन भरना पडेगा उनके पास कोई सबूत तोडी है, वह कोई लिखित में तोडी बैठा है, उनके पास कोई डॉक्यूमेंश तोडी है किसी के पास, मैने दोरा किया था वह सब ठीक है जब अब भूखण्ड उपलब्ध होगे तब उनको दिलवा देगें।
एसडीएम उमेश कौरव शिवपुरी

### आपने कहा

मेरे पास अभी एसडीएम साहब की तरफ से कोई आवेदन नहीं आया है अगर आएगा तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी जहा तक है वह उनका पैसे को लेनदेन को लेकर आपसी मामला है।
विश्वनाथ सिंह मंडी सचिव शिवपुरी

## पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज ग्वालियर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एंव थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया

### पुलिस की कार्य प्रणाली को चुस्त दुरूस्त एंव और अधिक संवेदनशील बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज ग्वालियर अमित सांघी के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एंव थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी शाखों का निरीक्षण किया एवं अभिलेखो के रख-रखाव का जायजा लिया तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा थाना कोतवाली पहुँचकर थाना कोतवाली का निरीक्षण किया, थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर, हवालात चैक किये एंव थाने की कार्यवाहियो का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस की कार्य प्रणाली को चुस्त दुरूस्त एंव और अधिक संवेदनशील बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड, अति. पुलिस अधीक्षक सजींव मुले एवं रक्षित निरीक्षक शिवपुरी एवं कार्यालय के सभी आधिकारिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?

तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज

आपकी खबर, आपकी ताकत!

जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें

9827068888, 8224951278

आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

# छात्राओं ने जाना स्काउटिंग गाइडिंग/रेडक्रास क्या है छात्राओं ने जाना बिना बर्तन के भोजन बनाना



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

हाटपिपल्या/भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ देवास के जिला सह सचिव अश्विन घोरपडे ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कमिश्नर स्काउट हरि सिंह भारतीय के निर्देशानुसार आज अ शा उमिया कन्या महाविद्यालय हाटपिपल्या में कार्यक्रम के अतिथि जिला संघ देवास के जिला अध्यक्ष मनोज जोशी, जिला उपाध्यक्ष एन के जोशी,बागली विकास खण्ड अध्यक्ष भारती जोशी, छात्रावास ट्रस्ट के संरक्षक श्री रमेश जी पाटीदार,ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राम प्रसाद जी पाटीदार,शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रेम नारायण जी पाटीदार, वरिष्ठ शिक्षाविद श्री मदन लाल जी पाटीदार शिक्षण समिति के सचिव श्री धर्मचंद जी पाटीदार श्री राजकुमार जी पाटीदार मंदिर ट्रस्ट के श्री भोलाराम जी पाटीदार, शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्री धन्नालाल जी पाटीदार के अतिथि में गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर सर्वप्रथम सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया । तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं को स्काउट-गाइड एवं रेडक्रास की रोचक जानकारी देवास जिले के जिला संगठन आयुक्त मनोज पटेल जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई, जिला सह सचिव अश्विन घोरपड़े, जिला स्काउटर प्रतिनिधि मनोज उपाध्याय, जिला संगठन आयुक्त गाइड कोमल चौधरी, संयुक्त सचिव वंदना वर्मा ने दी ।

रेडक्रास की जानकारी जिला कौंसलर अश्विन घोरपडे ने दी । इस अवसर पर कमल सिंह राजपूत, मुकेश गोस्वामी,अनिल चौहान, दिनेश गोस्वामी, गायत्री मोरी, शीला राठौर महाविद्यालय परिवार की दिव्या पाटीदार, कमल राठौर, सीमा पाटीदार, मुस्कान पाटीदार ,सिमरन सूर्यवंशी ,तनु पाटीदार ,कृष्णा प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित थे। सर्व धर्म प्रार्थना के पश्चात सभी ने बिना बर्तन के भोजन बनाया जो बहुत ही स्वादिष्ट बनाया कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने बहुत ही प्रशंसा की है।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका निकिता कारपेंटर एवं ऐश्वर्या सेंधव ने किया और आभार महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अक्षय आचार्य ने व्यक्त ने किया ।

### शिवपुरी पुलिस ने लाल-नीली बत्ती लगी थार पकड़ी: चालान काटकर हटवाई लाइट

# ड्राइवर ने खुद को टीआई का भाई बताया

शिवपुरी में गुरुवार को ग्वालियर बायपास पर पुलिस ने लाल-नीली बत्ती लगी एक काले रंग की थार का चालान काटा। कार ड्राइवर ने खुद को इंदौर निवासी बताते हुए कहा कि उसका भाई दीपक खत्री इंदौर में टीआई है। जानकारी के मुताबिक थार (MP09AG4008) पर लाल-नीली बत्ती लगी हुई थी, जिसे देखकर पुलिस ने उसे रोका। कार चालक जितेंद्र खटीक ने खुद को इंदौर निवासी बताया और कहा कि उसका भाई दीपक खत्री इंदौर में टीआई है। निजी वाहन में अनधिकृत रूप से बत्ती लगाने के कारण पुलिस ने इस पर कार्रवाई की।

**चालान काटकर बत्ती हटवाया गया**

पुलिस ने वाहन को जब्त कर यातायात थाना ले आई और चालक के नाम 1000 रुपए का चालान किया गया। इसके साथ ही लाल-नीली बत्ती को जब्त कर वाहन से हटवा दिया गया। यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने बताया कि शिवपुरी में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अनाधिकृत रूप से वाहनों पर किसी भी प्रकार की बत्ती या सरकारी प्रतीक चिह्न न लगाएं।



# अवैध कब्जा धारीयो द्वारा नगर के नालों पर अवैध अतिक्रमण

हाटपिपल्या। नगर में शासकीय भूमि एवं नगर की जल निकासी एवं बरिश में होने वाले पानी के बहाव के लिए नगर से निकलने नालों पर अवैध रूप से अवैध कब्जा धारीयो द्वारा कब्जा किया जा रहा है। वर्षों से जिस मार्ग से बारिश का पानी बहता है उन मार्गो पर अवैध रूप से अवैध कब्जा धारीयो पक्के निर्माण बनाकर बारिश के पानी की निकासी को अवरुद्ध कर नालों पर कब्जा किया जा रहा। अवैध कब्जा धारीयो के हौसले इतने बुलंद है कि नालों पर पक्का निर्माण किया जा रहा है राजस्व विभाग द्वारा भी बिना कोई जांच किए ही अवैध कब्जा धारीयो को नाले पर ही नपती कर के राजस्व द्वारा पक्के प्रमाण पत्र दिए गये है। जिसके कारण कब्जाधारी पक्के निर्माण कर रहे हैं नालों पर निर्माण के कारण भविष्य में बारिश के पानी को निकालने का रस्ता नहीं बचेगा। ऐसी स्तिथि में बारिश का पानी लोगों के घरों मैं घुसेगा और बड़ी जनहानि की सभावना होगी। राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते या फिर उनकी मिली भगत से अवैध कब्जा धारीयो द्वारा नलों पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में बारिश के कारण बड़ी दुर्घटना में हो सकती है। नगर के मुख्य मार्ग एवं नगर के बीचो-बीच से निकले नलों पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा अवैध रूपसे कब्जा किया समय रहते राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो बारिश में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



तहसीलदार संगीता गोलियां का कहना है कि ऐसी कोई शिकायत नालों पर कब्जे की नहीं मिली है फिर भी पटवारी से जानकारी लेकर जिस स्थान पर अवैध कब्जे हुए हैं उसे स्थान से अवैध कब्जा हटाकर 248 की धारा लगाकर कारवाही की जायेगी।

---

**पोहरी थाना प्रभारी की अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई, 65 लीटर कच्ची शराब जब्त कर**

# 350 लीटर गुड़ लहान किया नष्ट



**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

शिवपुरीः जिले की पोहरी पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो लोगों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि 500 लीटर लहान को मौके पर ही नष्ट किया।

पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार टीआई पोहरी रजनी चौहान को मुखबिर से सूचना मिली कि बड़े पुल के पास बंजारा कालोनी पोहरी में अवैध कच्ची शराब तैयार करने के लिए बंजारा बस्ती में लहान तैयार किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां गांव में ड्रमों में करीब 350 लीटर लहान रखा मिला। पुलिस ने लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसी क्रम में तलाशी के दौरान आरोपित उदल पुत्र लड्डू बंजारा निवासी बड़े पुल के पास बंजारा कालोनी पोहरी के कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भी जब्त की गई। इसके अलावा एक अन्य कार्रवाई में नयागांव निवासी शांति पत्नी गूजर बंजार उम्र 35 साल के कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई है। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।